से निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तरीक कृषि विकास वित्त कम्पनियों की स्थापना करना और स्थानीय क्षेत्र के बैंकों को स्थापना करना।

Beneficiaries of Bank Securities Scam

2255. SHRI NILOTPAL , BASU:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) the real beneficiaries of the bank securities scam;

(b) the amount of recovery of the huge losses from those who had played the fraud; and

(c) what happened to the arrears of a few thousand crores of rupees due for payment as income tax by Harshad Mehta and others?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRS SATPAL MAHARAJ): (a) and (b) In terms of the provisions of the Special Court (Trial of Offences Relating to Transactions in Securities) Act, 1992, the assets of 47 persons/entities presently stand attached with the Custodian, These assets are valued at Rs. 3037.40 crores as on July, 1997. The disposal of these assets is required to be made as per the provisions of law and the orders of the Special Court.

(c) The realisation of income tax demands of the Income Tax Department against notified persons/entities through disposal of attached assets has to be made as per orders of the Special Court, Bombay/Supreme Court. The Office of the Custodian has reported that Rs. 251.70 crores fowards tax (excluding interest/pcnalty) have so far been released ty the Custodian under the ordei-s (ifboth the Supreme Court and- Spicial Court. Bombay.

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा

2256.**श्री मनोहर कान्त ध्यानी**: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के कार्य निष्पादन की समीक्षा की हैं;

(ख) यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षो के दौरान उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में जमाराशि और निवेश का वर्ष-वार ब्यौरा क्या हैं ;

(ग) क्या सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण बैकों के निर्माण के प्रस्ताव की स्वीकार कर लिया है;और

(घ) यदि हां,तो उक्त बैंक कब तक कार्य करना प्रारम्भ करेंगे ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सतपाल महाराज): (क) और (ख) सरकार द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के क्रियाकलापों की समय-समय पर समीक्षा की जाती है। इसके अतिरिक्त,उनके परिचालनों की राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियमित समीक्षाकी जाती है।

वर्ष 1993-94,1994-95 और 1995-96 (अद्यतन उपलब्ध) के दौरान उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की जमाराशियों और निवेशों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं :-

(लाख रूपए में)

वर्ष	जमा राशिया	निवेश
1993-94	246276.33	11755.60
1994-95	301660.62	57544.33
1995-96	380687.17	96609.03